कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 07.02.2025

विषयः-अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ दो नफर अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से 0.315 बोर व 12 बोर के तमन्चा व जिन्दा कारतूस बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों पर कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06.02.2025 को भगवानपुर मोड़ से ट्रामा सेण्टर के बीच से दो नफर अभियुक्त 1. अमरीष राय पुत्र आलोक राय निवासी वीरपुर थाना भाँवर कोल जनपद गाजीपुर हालपता- म0न0 7 लेन नं0 4 मनोरथ पुरी कालोनी सुसुवाही चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 27 वर्ष, 2. आशुतोष राय पुत्र आलोक राय निवासी वीरपुर थाना भाँवर कोल जनपद गाजीपुर हालपता- म0न0 7 लेन नं0 4 मनोरथ पुरी कालोनी सुसुवाही चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 21 वर्ष को अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 06.02.2025 को एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गयी कि दो संदिग्ध व्यक्ति भगवानपुर मोड़ से कुछ दूरी पर खड़े होकर असलहा कारतूस की बाते कर रहे हैं उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही है। इस सूचना पर लंका पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुचंकर संदिग्ध व्यक्तियों को घेरघार कर पकड़ लिया गया तथा पूछताछ एवं तलाशी के दौरान पकड़े गए युवकों के पास से 0.315 बोर व 12 बोर के तमन्चा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए जिसके सम्बन्ध में कागजात(लाइसेन्स) की मांग की गयी, किन्तु प्रस्तुत नहीं कर सके। अतः कारण गिरफ्तारी बताते हुए पकड़े गए युवकों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्तगण पूछताछ में बता रहे है कि हम दोनों बिहार के कोचस से तीन-तीन हजार रुपये में तमंचा खरीदकर लाते है तथा वाराणसी में ग्राहक की तलाश कर छः-सात हजार रुपये में बेच देते है उसी से मिले मुनाफे से हम दोनो का खर्च चलता है । आज हमलोग ग्राहक की तलाश में निकले थे कि आपलोगों द्वारा पकड़ लिए गए।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. अमरीष राय पुत्र आलोक राय निवासी वीरपुर थाना भाँवर कोल जनपद गाजीपुर हालपता- म0न0 7 लेन नं0 4 मनोरथ पुरी कालोनी सुसुवाही चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 27 वर्ष,
2. आशुतोष राय पुत्र आलोक राय निवासी वीरपुर थाना भाँवर कोल जनपद गाजीपुर हालपता- म0न0 7 लेन नं0 4 मनोरथ पुरी कालोनी सुसुवाही चितईपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 21 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 06.02.2025 को भगवानपुर मोड़ से ट्रामा सेण्टर के बीच, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी-

अभियुक्त अमरीष राय के कब्जे से

1. एक अदद तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं जामा तलाशी से 200 रुपये बरामद ।

अभियुक्त आशुतोष राय के कब्जे से

1. एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर एवं जामा तलाशी से 300/ रुपये बरामद ।

पंजीकृत अभियोगों का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0046/2025 धारा 3/ 25 आयुध अधिनियम, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0047/2025 धारा 3/ 25 आयुध अधिनियम, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवाकर मिश्रा, चौकी प्रभारी नगवा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. आरक्षी सत्यम तिवारी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. आरक्षी उमेश गुप्ता, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अमित कुमार शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सूरज सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 कृष्णकान्त पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 पवन कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी